भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2074

21 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

लोहा और इस्पात उत्पादन में प्लास्टिक कचरे का उपयोग किया जाना

2074. श्री समीर उरांव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लोहा और इस्पात उत्पादन में प्लास्टिक कचरे का उपयोग करने की कोई योजना बनाई जा रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना को कब तक लागू किया जाना प्रस्तावित है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)

(क) से (ग): कार्बन तथा हाइड्रोजन की विद्यमानता के कारण प्लास्टिक अपशिष्टों का ईंधन/अपचायक के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। वर्तमान में, इस्पात कंपनियों के परिसर के भीतर उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक की अत्यंत कम मात्रा का प्रायोगिक आधार पर बीच-बीच में प्रयोग किया जा रहा है।

इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त उद्योग है और प्लास्टिक अपशिष्ट का ईंधन/अपचायक के रूप में उपयोग प्रौद्योगिकी-आर्थिक व्यवहार्यता के अध्यधीन होगा।

****